षोडश बिहार विधान सभा

पंचदश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-03 बुधवार, दिनांक-26 फरवरी, 2020 ई० ।

माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.15 बजे पूर्वाह्न तक ।

[1] **प्रश्नकाल :-**

(i) 01 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

इस दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपनी विभिन्न मांगो को लेकर शोरगुल करते हुए वेल में आ गए ।

आसन द्वारा कहा गया कि हर गंभीर मुद्दे को उठाने के लिए नियमावली में अलग-अलग समय का प्रावधान किया गया है, यदि अपनी मांग को समय पर उठाएंगे तो आसन इसका संज्ञान लेगा । साथ ही प्रश्न काल चलने देने का अनुरोध किया गया ।

माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, श्री श्रवण कुमार द्वारा विपक्ष के माननीय सदस्यों से अनुरोध किया कि वे प्रश्न काल को चलने दें ।

किन्तु सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सभा की कार्यवाही 12:00 बजे मध्याह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

स्थगनोपरांत

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

12:00 बजे मध्याह्न से 12:10 अपराह्न तक

[2] **कार्य स्थगन प्रस्ताव :-**

माननीय सदस्य श्री अवधेश कुमार सिंह, श्री महबूब आलम, श्री ललित कुमार यादव, श्री समीर कुमार महासेठ, श्री मो० नवाज आलम, श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन एवं श्री शमीम अहमद द्वारा दिया गया कार्य स्थगन प्रस्ताव नियमानूकुल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा इसे अमान्य किये जाने की घोषणा की गई ।

[3] **शून्यकाल :-**

शून्यकाल की सूचना के अन्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया :-

(i) श्री ललन पासवान
(ii) श्रीमती पूनम देवी यादव
(iii) श्री विनोद प्रसाद यादव
(iv) श्री विजय कुमार खेमका
(v) श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव
(vi) श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह

[4] **ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-**

(i) माननीय सदस्य श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी एवं अन्य सभासदों का राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग / आपदा प्रबंधन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना अपृष्ठ हुआ ।

(ii) माननीय सदस्य श्री शत्रुधन तिवारी एवं अन्य सभासदों के पथ निर्माण विभाग / परिवहन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री शत्रुधन तिवारी द्वारा पढ़ा गया । माननीय प्रभारी मंत्री, श्री श्रवण कुमार द्वारा कहा गया कि इसका उत्तर दिनांक-28.02.2020 को दिया जाएगा, जिसपर आसन की सहमति हुई ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

भोजनावकाश के बाद

(02.00 बजे अपराह्न से 04.05 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

[5] **महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर वाद-विवाद (दिनांक-25.02.2020 से जारी) एवं सरकार का उत्तर :-**

महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर प्रस्तुत धन्यवाद एवं संशोधन प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री तेजस्वी प्रसाद यादव
(ii) श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह
(iii) श्री सुदामा प्रसाद
(iv) श्री रामदेव राय
(v) श्री राजू तिवारी

तत्पश्चात् सरकार की ओर से माननीय मुख्यमंत्री द्वारा विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया ।

तदोपरान्त् माननीय नेता विरोधी दल, श्री तेजस्वी प्रसाद यादव द्वारा अपना संशोधन प्रस्ताव वापस नहीं लिए जाने पर संशोधन प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ और माननीय सदस्य, श्रीमती (डा०) रंजू गीता द्वारा प्रस्तुत मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ ।

आसन से घोषणा हुई कि ''सदस्यगण इस अभिभाषण के लिए महामहिम राज्यपाल के कृतज्ञ हैं ।''

[6] **निवेदन :-**

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 25 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिये जायेंगे ।

तदुपरान्त् सभा की बैठक वृहस्पतिवार, दिनांक-27 फरवरी, 2020 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-26.02.2020

बटेश्वर नाथ पाण्डेय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।